# खजुराहो में हजारों लोगों ने किया सामूहिक योग



- योग अपनाएं, दवाइयों से मिलेगी मुक्ति : राज्यमंत्री अहिरवार
- योग के साथ पखावज वादन की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने बांधा समां

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 21 जून.** विश्व धरोहर नगरी खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह स्थित कंदारिया महादेव मंदिर प्रांगण में रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया. 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई.

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ.मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के साथ राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, छतरपुर विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगर परिषद खजुराहो अध्यक्ष अरुण अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की.

इस अवसर पर कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया.योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है और नियमित योगाभ्यास से अनेक बीमारियों से राहत मिलने के साथ दवाइयों पर निर्भरता भी कम होती है.उन्होंने नागरिकों से योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया.राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नियमित योग किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है.उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग कर स्वस्थ एवं निरोगी जीवन की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लेने की अपील की.कार्यक्रम में शामिल लोगों ने भी नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया.सामूहिक योगाभ्यास के पश्चात कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ.देश की प्रथम महिला पखावज वादक चित्रांगना आगल रेशवाल ने समूह के साथ मनमोहक पखावज वादन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया.योग और संस्कृति के अद्भुत संगम से पश्चिमी मंदिर समूह परिसर पूरी तरह योगमय नजर आया.

## योग अपनाने का दिया संदेश



**विजावर, 21 जून.** बिजावर के मेला ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेश शुक्ला ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करती है.उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ और निरोग जीवन जी सकता है. विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है.उन्होंने नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया.

## नौगांव में योगशाला निर्माण की घोषणा



**नौगांव, 21 जून.** योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया.सुबह 6 बजे से शुरू हुए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह रहे.उनके साथ एसडीएम गोपाल शरण पटेल, नगर पालिका सीएमओ आर.एस. अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, तहसीलदार रमेश कोल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया.विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने कहा कि योग स्वस्थ और निरोग जीवन का आधार है तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए. उन्होंने राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम के विकास की घोषणा करते हुए कहा कि भविष्य में स्टेडियम का विस्तार किया जाएगा.साथ ही महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग योगशाला भवनों का निर्माण कराया जाएगा.कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने नियमित योग कर स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया.

## जिले के सभी थानों और चौकियों में गूंजा योग का संदेश

**छतरपुर, 21 जून.** छतरपुर पुलिस द्वारा रविवार कोयातायात थाना परिसर सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी परिसरों में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया.पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन और फिटनेस का संदेश दिया. यातायात थाना परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए. इस दौरान उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है और इससे व्यक्ति तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन जी सकता है.योग कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योग कर निरोगी जीवन का संकल्प लिया.साथ ही आमजन से भी नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की गई. योग दिवस के अवसर पर जिलेभर के थाना एवं चौकी परिसरों में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से छतरपुर पुलिस ने फिट और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया.

# दलित दूल्हे के घोड़ी पर चढ़ने का विरोध

- पुलिस सुरक्षा में निकली राछ और हुई शादी



**छतरपुर, 21 जून. जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बौड़ा में दलित समाज के एक दूल्हे के घोड़ी पर चढ़ने का कुछ लोगों द्वारा विरोध किए जाने का मामला सामने आया है.समय रहते पुलिस के मौके पर पहुंचने से स्थिति नियंत्रण में रही और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शादी की सभी रस्में संपन्न कराई गई.**

जानकारी के अनुसार ग्राम बौड़ा निवासी उमराव अहिरवार के पुत्र अजय अहिरवार की बारात शुक्रवार को रवाना होनी थी.बारात से पूर्व गांव में परंपरागत राछ निकाली जा रही थी और विवाह की रस्में चल रही थीं.इसी दौरान दूल्हे को घोड़ी पर बैठा देखकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताते हुए विरोध शुरू कर दिया और परिजनों को धमकाने का आरोप है. घटना की सूचना मिलते ही ईशानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया.किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया.पुलिस की मौजूदगी में दूल्हे की राछ और अन्य विवाह कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए गए.

दूल्हे के पिता उमराव अहिरवार ने बताया कि विरोध के बावजूद उन्होंने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था के बीच शादी की रस्में पूरी हुई.उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें अब भी खतरा महसूस हो रहा है और मामले की शिकायत पुलिस से की गई है. ईशानगर थाना प्रभारी मनोज गोयल ने बताया कि दूल्हे के घोड़ी पर बैठने को लेकर कुछ लोगों द्वारा आपत्ति जताने की सूचना मिली थी.पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रस्में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराईं.उन्होंने कहा कि विरोध करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है.

## गढ़ीमलहरा नगर में एटीएम खाली

**गढ़ीमलहरा, 21 जून.** गढ़ीमलहरा नगर में अधिकांश एटीएम में नकदी नहीं होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.शनिवार दोपहर लोगों ने बताया कि नगर के कई एटीएम खाली पड़े हैं, जिससे जरूरतमंदों को बार-बार एटीएम के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में शादी-विवाह का सीजन चल रहा है और ऐसे समय में नकदी की आवश्यकता अधिक होती है.इसके बावजूद एटीएम में पैसे नहीं होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

## रेलवे ब्रिज के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक महिला की मौत



**छतरपुर, 21 जून.** लवकुशनगर थाना क्षेत्र की अक्टोहा चौकी अंतर्गत संजय नगर-महोबा रोड पर गिलोहा गांव के रेलवे ब्रिज के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई.हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार बाइक सवार दंपत्ति लालपुर से डिगरियां जा रहे थे.इसी दौरान गिलोहा गांव के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई.

# आईटीआई पास युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- हीरो मोटोकॉर्प की कैंपस ड्राइव 23 को लगेगी

**छतरपुर, 21 जून. आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर उपलब्ध होने जा रहा है.शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), छतरपुर में 23 जून को प्रात: 10 बजे से हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, नीमराना (राजस्थान) द्वारा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा.**

भर्ती प्रक्रिया शासकीय आईटीआई परिसर, बड़ी बगराजन देवी मंदिर के पास, महोबा बाईपास रोड स्थित संस्थान में आयोजित होगी.

कैंपस ड्राइव में फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, कोपा, टर्नर सहित सभी इंजीनियरिंग ट्रेडों के आईटीआई उत्तीर्ण महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे.भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है. चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा लगभग 19,988 रुपये प्रतिमाह तक वेतन प्रदान किया जाएगा.चयन प्रक्रिया कंपनी के निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार संपन्न होगी.इस कैंपस ड्राइव के माध्यम से युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनी में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा. प्राचार्य ने पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है.अभ्यर्थियों को अपने साथ 10वीं एवं आईटीआई की अंकसूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोडाटा तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रतियां साथ लाना अनिवार्य होगा.

# रेलवे ट्रैक पर मिला प्रॉपर्टी डीलर का शव

- आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या की आशंका

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 21 जून. एक प्रॉपर्टी डीलर का शव सागर रोड स्थित रेलवे ट्रैक पर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई.मृतक की पहचान दलौन निवासी संतोष पाठक के रूप में हुई है.घटनास्थल के पास उनकी स्कूटी भी खड़ी मिली, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.**



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार संतोष पाठक प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़े हुए थे और लंबे समय से कर्ज तथा ब्याज के दबाव का सामना कर रहे थे.आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानियों के चलते उन्होंने यह कदम उठाया.हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी.

घटना की सूचना मिलने पर मातगुवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की.पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है.शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है. मातगुवां थाना प्रभारी अंकुर चौबे ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी.मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है.पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही घटना के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

## लिफ्ट देकर लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर.** भगवा थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल पर लिफ्ट देकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.आरोपियों ने पिछले माह घुवारा बस स्टैंड से एक व्यक्ति को लिफ्ट देने के बहाने अपनी बाइक पर बैठाया था.इसके बाद ग्राम चंदौली के पास उससे लूटपाट की. मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी वजीर खान और शहीद उर्फ मुंती खान को गिरफ्तार कर लिया.आरोपियों के कब्जे से लूटा गया सामान, नकदी सहित करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य की सामग्री एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है.

# पीएम आवास योजना से साकार हुए सपने

- नए घरों में हुआ गृह प्रवेश, नए आवासों का भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**छतरपुर, 21 जून.** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत नगर पालिका छतरपुर द्वारा पात्र हितग्राहियों को पक्के आवास उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर जारी है. इसी क्रम में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने पार्षदों के साथ वार्ड क्रमांक 12 में पहुंचकर पीएमएवाई 1.0 के अंतर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश कराया.वहीं वार्ड क्रमांक 8 में पीएमएवाई 2.0 के तहत बनने वाले नए आवासों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया.गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों और उनके परिवारों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला.नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के अपने पक्के घर के सपने को साकार कर रही है.नगर पालिका का प्रयास है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे.



उन्होंने हितग्राहियों को नए आवास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पक्का घर मिलने से परिवारों को सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर जीवन-यापन की सुविधा प्राप्त होती है.वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने कहा कि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी और अधिक से अधिक परिवारों को इसका लाभ दिलाया जाएगा.

इस अवसर पर हितग्राहियों ने पक्का घर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं नगर पालिका के प्रति आभार जताया.कार्यक्रम में पार्षद, उपयंत्री, नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में हितग्राहीउपस्थित थे.

**परीक्षा** | **कलेक्टर-एसपी ने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा से की निगरानी**

# कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच हुई नीट परीक्षा

**छतरपुर, 21 जून.** जिले में रविवार को नीट (यूजी) परीक्षा का आयोजन कड़े सुरक्षा इंतजामों और प्रशासनिक निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ.परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहले से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं.जिले में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक-02, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव, सांदीपनि विद्यालय छतरपुर तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय छतरपुर सहित पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए थे. परीक्षा की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की निगरानी में सशस्त्र सुरक्षा के बीच बैंक से प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रूप से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया.इस दौरान अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.प्रश्न-पत्रों के सुरक्षित परिवहन, संरक्षण और वितरण की सतत निगरानी के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई थी.



कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई थी.संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया, जबकि विभिन्न केंद्रों पर डिप्टी कलेक्टरों और अन्य अधिकारियों को कार्यपालिक दंडाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई.

> परीक्षा के दौरान किसी भी आपात स्थिति अथवा शिकायत के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम का गठन किया गया था. डीपीसी अरुण शंकर पाण्डेय को कंट्रोल रूम प्रभारी तथा मनोज उपाध्याय को सहायक नियुक्त किया गया था.कंट्रोल रूम दिनभर सक्रिय रहकर परीक्षा संबंधी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए था तथा शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया.

# प्रशासन की तत्परता से नीट परीक्षा देने पहुंचा

- छतरपुर स्कूल पहुंचा, जबकि केंद्र नौगांव में था

**छतरपुर, 21 जून. नीट (यूजी) परीक्षा के दौरान एक छात्र गलत परीक्षा केंद्र पहुंच गया, जिससे वह तनाव में आ गया. पुलिस और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते छात्र समय पर अपने वास्तविक परीक्षा केंद्र पहुंच सका और परीक्षा में शामिल हुआ.**

जानकारी के अनुसार रोहित पटेल परीक्षा देने के लिए छतरपुर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पहुंचा था.प्रवेश प्रक्रिया के दौरान उसे पता चला कि उसका वास्तविक परीक्षा केंद्र करीब 22 किलोमीटर दूर नौगांव स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में है.परीक्षा शुरू होने का समय नजदीक होने और दूरी अधिक होने के कारण छात्र परेशान हो गया. मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर पार्थ जैसवाल और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा मौके पर पहुंचे.अधिकारियों ने छात्र को तत्काल सही परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के निर्देश दिए. सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह भी मौके पर पहुंचे और छात्र का हौसला बढ़ाते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं. इसी दौरान छात्र का भाई भी परीक्षा केंद्र पहुंच गया.स्थिति को देखते हुए छात्र को उसके भाई के साथ बाइक से नौगांव स्थित परीक्षा केंद्र के लिए रवाना किया गया.रास्ते में पुलिस ने भी समन्वय बनाते हुए सहयोग किया, जिससे छात्र बिना किसी बाधा के समय पर अपने केंद्र पहुंच सका और परीक्षा में शामिल हुआ.

